भोले तेरा दर्शन होगा

जिस दिन भोले तेरा दर्शन होगा
उस दिन सफल हमारा जीवन होगा
पूर्ण सुंदर हम सबका स्वप्न होगा
जिस दिन भोले तेरा दर्शन होगा
उस दिन सफल हमारा जीवन होगा
काशी की गली में उस रोज हम आएंगे
जिस रोज भोले बाबा हमें बुलाएंगे
जाने कब बुलावे का तेरा मन होगा
पूर्ण सुंदर हम सबका स्वप्न होगा
जिस दिन भोले तेरा दर्शन होगा
उस दिन सफल हमारा जीवन होगा
बाबा तेरे हम तो पुजारी हो जाएंगे
मांगेंगे तुझसे तेरे भिखारी हो जाएंगें
फैले हाथ होंगें पसरा दामन होगा
पूर्ण सुंदर हम सबका स्वप्न होगा
जिस दिन भोले तेरा दर्शन होगा
उस दिन सफल हमारा जीवन होगा
तेरी शरण में बाबा हर चाहा हम पाएंगे
देने वाला तू है तो किसके द्वारे हम जाएंगे
दया का भोले तेरी बरसता सावन होगा
पूर्ण सुंदर राजीव का स्वप्न होगा
जिस दिन भोले तेरा दर्शन होगा
उस दिन सफल हमारा जीवन होगा
चरणों में तेरे हम श्रद्धा से शीश नवाएंगें
हर हर महादेव की धूनी वहीं रमाएंगें
शिवमय घर घर का हर आँगन होगा
पूर्ण सुंदर हम सबका स्वप्न होगा
जिस दिन भोले तेरा दर्शन होगा
उस दिन सफल हमारा जीवन होगा

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/33542/title/Bhole-Tera-darshan-hoga

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |